प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1- नीट परीक्षा में ग्रेस मार्क्स पाये 1 हजार 5 सौ 63 विद्यार्थियों का स्कोर कार्ड रद्द, 23 जून को होगी दोबारा परीक्षा, काउंसिलिंग प्रक्रिया पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार।
2- झारखंड हाईकोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित।
3- मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने के दिये निर्देश।
4- राज्य में कहीं भीषण लू का रेड अलर्ट तो कहीं आंधी–पानी की चेतावनी, रामगढ़ और जमशेदपुर में हीटवेव से तीन लोगों की मौत।

*******************

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी में शामिल हुए उन सभी एक हजार पांच सौ तिरसठ अभ्यर्थियों की दोबारा परीक्षा 23 जून को होगी, जिन्हें परीक्षा में ग्रेस या पूरक अंक मिले थे। आज जारी एक अधिसूचना में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा कि वह शीघ्र ही एक सार्वजनिक सूचना जारी करेगी और इन उम्मीदवारों से ईमेल के माध्यम से भी संपर्क करेगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें आधिकारिक सूचना प्राप्त हो। एनटीए ने कहा है कि सभी एक हजार पांच सौ तिरसठ छात्रों को दिए गए अनुग्रह या पूरक अंक वापस ले लिए गए हैं। इस बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस बात पर जोर दिया कि नीट परीक्षा में कोई भ्रष्टाचार नहीं है।

*******************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य अगले पांच साल में देश का रक्षा निर्यात बढ़ाकर 50 हजार करोड़ रुपये करना है। आज अपने मंत्रालय का कार्यभार संभालते हुए उन्होंने कहा कि भारत पहले ही 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा उपकरण निर्यात कर चुका है, जो ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि सरकार एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहती है और देश की सुरक्षा और सुरक्षा बलों का कल्याण उनकी प्राथमिकता बनी रहेगी।

*******************

अजीत डोभाल को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया है। डोभाल पीएम मोदी के कार्यकाल के अंत तक एनएसए के पोस्ट पर बने रहेंगे जबकि डॉ पीके मिश्रा को भी फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है।

*******************

झारखंड में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पूरे राज्य में 12 फ्लाइओवर बनाये जायेंगे। इनमें सरायकेला में दो और दुमका में एक फ्लाइओवर का निर्माण किया जाएगा। बाकी के 9 फ्लाईओवर रांची में बनाये जायेंगे। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस सिलसिले में आज अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये। रांची में राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए श्री सोरेन ने रांची के सिरमटोली फ्लाईओवर निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में यातायात नियंत्रण सरकार की प्राथमिकता है।

*******************

राज्य के बोकारो और चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में गंभीर बिजली संकट को लेकर आज बोकारो सर्किट हाउस में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, बोकारो विधायक बिरंचि नारायण, डीसी बोकारो के अलावा डीवीसी बोकारो स्टील और झारखंड ऊर्जा वितरण निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

*******************

हजारीबाग की सुनीता गुप्ता अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रही हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।
शेष समाचार इस विराम के बाद।
प्रादेशिक समाचार में आपका फिर स्वागत है।

*******************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने को लेकर वरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान चयन प्रक्रिया को समय सीमा के अंदर पूरी करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बैठक में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की जानकारी ली।

*******************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में आज फिर से सुनवाई हुई। ईडी के वकील की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

*******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अंतु तिर्की सहित 10 अभियुक्तों के खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर पीएमएलए स्पेशल कोर्ट ने संज्ञान लिया है। इसके साथ ही अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए 27 जून की तारीख मुकर्रर की है।

*******************

जमीन घोटाले मामले से जुड़े जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को कल देर शाम गिरफ्तार करने के बाद आज उन्हें इडी ने रांची पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। इडी ने उनसे पूछताछ के लिए सात दिनों की रिमांड मांगी है, जिसपर अदालत कल फैसला लेगी। शेखर कुशवाहा को फिलहाल न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

*******************

पतंजलि ग्रामोद्योग न्यास की ओर से रांची में आज राष्ट्रीय डेयरी सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में अन्य प्रदेशों के अलावा झारखण्ड, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के गोपालकों ने हिस्सा लिया।

*******************

गोड्डा जिले के विभिन्न प्रखंडों में ट्यूबरक्लोसिस खोज अभियान चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में सहिया घर–घर पहुंच रही हैं और मरीजों की खोज और पहचान कर रही हैं। जिले के विभिन्न प्रखंडों में दीवार लेखन के जरिये लोगों को टीबी के प्रति  जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान 20 जून तक चलेगा।

*******************

लोहरदगा जिले के कुडू और लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड के सीमावर्ती बरवाटोली गांव में कल रात जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया। जंगली हाथियों ने आधा दर्जन किसानों की फसलों को रौंद दिया। बाद में ग्रामीणों ने हाथियों को जंगल में खदेड़ दिया। हाथियों के झुंड को लेकर ग्रामीण दहशत में हैं। वन विभाग भी इसे लेकर सतर्क है।

*******************

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की चार दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला सह अभ्यास वर्ग की शुरुआत कल से होगी। आज एक संवाददाता सम्मेलन में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सह–संयोजक ए विनोद ने बताया कि रांची में आयोजित होने वाली इस कार्यशाला में देशभर के साढ़े तीन सौ से ज्यादा शिक्षाविद शामिल होंगे।

*******************

भीषण गर्मी के बीच झारखंड के 5 जिलों में वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। जबकि 5 जिलों के लिए भीषण लू का अलर्ट जारी किया गया है, तो 9 जिलों के लिए भीषण गर्मी का ऑरेंज अलर्ट और 4 जिलों के लिए गर्मी का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने खूंटी, सरायकेला–खरसावां, पश्चिम सिंहभूम, देवघर और

गिरिडीह जिले में बारिश की संभावना व्यक्त की है। पिछले 24 घंटे में लू लगने से रामगढ़ में एक और जमशेदपुर में दो लोगों की मौत हो गयी है।

**********समाप्त**********